# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 16/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Gujarat Vaibhav (Ahmadabad,Guj.)**

# के.रि.पु. बल के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साईकिल रैली का आयोजन



अहमदाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती व के०रि०पु०बल के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा आयोजित की गई साईकिल रैली को साबरमती आश्रम से प्रातः 0915 बजे माननीय अरूण कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, द्रुत कार्य बल नई दिल्ली, द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र कुमार कमाण्डेंट 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल, अर्पिता व्यास, विजय कुमार सडानी (डायरेक्टर्स ऑफ विंग टू फ्लाई फाउण्डेशन), नारायण भट्ट, जनरल मैनेजर, रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड अहमदाबाद, शारदा देवी प्रमुख ब्रह्म कुमारी अम्बावाड़ी सेन्टर अहमदाबाद, रोटरी क्लब, जिला गर्वनर बीना देसाई, व 100वीं वाहिनी के अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इस सायकिल रैली का शुभारम्भ दिनांक 15/07/2019 को माननीय मुख्यमंत्री विजय रूपाणी गुजरात द्वारा कम्युनिटी सेन्टर, मंत्री परिसर गांधीनगर से झण्डी दिखाकर किया गया। यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुये कुल 982 कि0मी0 का सफर तय कर 27 जुलाई, 2019 को इंडिया गेट, नई दिल्ली में समाप्त होगी। इस रैली को राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दो के प्रति जागरूकता पैदा करना हैं।

www.gujaratvaibhav.com

**Rajasthan Patrika (Ahmadabad,Guj.)**

# स्वच्छता, जल संचय का संदेश लेकर रवाना हुई सीआरपीएफ जवानों की साइकिल रैली





## मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**अहमदाबाद.** मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की ओर से आयोजित साइकिल रैली को रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने गांधीनगर में सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले सीआरपीएफ के जवानों को समाज की शांति और सुरक्षा का प्रहरी करार दिया। उन्होंने कहा कि अब सीआरपीएफ के साइकिल वीर स्वच्छता, जल संचय और सामाजिक सद्‌भावना के प्रतीक भी बने हैं।

रूपाणी ने महात्मा गांधी की कर्मभूमि साबरमती आश्रम से देश की राजधानी नई दिल्ली के इंडिया गेट तक जाने वाली इस साइकिल रैली को गांधीजी के 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर उपयुक्त करार देते हुए साइकिल वीरों को सफलता की शुभकामनाएं दी। उन्होंने गुजरात सहित पूरे देश में प्राकृतिक आपदा एवं संकटकाल में सुरक्षा और शांति को बरकरार रखने में सीआरपीएफ की अहम भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर द्रुत कार्य बल (रैपिड एक्शन फोर्स-आरएएफ) के महानिरीक्षक अरूण कुमार ने इस रैली के उद्देश्य और सीआरपीएफ-आरएएफ की विभिन्न सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। 27 जुलाई, 1939 को स्थापित सीआरपीएफ आज 3 लाख से अधिक कर्मियों का परिवार बन गया है। इस अवसर पर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज कुमार, दक्षिण पश्चिम वायु कमान (स्वैक) के प्रमुख एयर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) संजय श्रीवास्तव, सीआरपीएफ गांधीनगर के उप महानिरीक्षक के.एम. यादव तथा तटरक्षक बल, नौसेना और बीएसएफ सहित केंद्रीय बलों के वरिष्ठ अफसर और उनके परिजन उपस्थित थे।



### आईजी ने साबरमती आश्रम से दिखाई हरी झंडी

इसी सिलसिले के तहत मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के 81 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 100 वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की ओर से आयोजित साइकिल रैली को साबरमती आश्रम से रवाना किया गया। आरएएफ के पुलिस महानिरीक्षक अरुण कुमार ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से सुबह सवा 9 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर 100वीं वाहिनी आरएएफ के [illegible] कुमार, अनिता व्यास, विजय कुमार संडानी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जनरल मैनेजर नारायण भट्ट, ब्रह्म कुमारी की आंबावाडी सेन्टर की प्रमुख शारदा देवी, स्टोरी क्लब, जिला गवर्नर बीना देसाई तथा 100 वीं वाहिनी के अधिकारी गण भी उपस्थित थे।

### 982 किलोमीटर का सफर पूरा करेंगे

सीआरपीएफ की 5 महिला कर्मियों सहित 20 साइकिल वीर साबरमती आश्रम से तक 982 किलोमीटर का सफर पूरा कर आगामी 27 जुलाई को सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट पहुंचेंगे। यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव और शहरों से होते हुए नई दिल्ली पर समाप्त होगी।

## Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## सावन आज से, जलाभिषेक को लेकर शिव मंदिर सज-धजकर तैयार, पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च







पयागपुर में स्थित बाबा बागेश्वरनाथ व शहर का सिद्धनाथ मंदिर और नवाबगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते एआरएफ व पुलिस के जवान • जागरण

जासं, बहराइच : सावन बुधवार से शुरू हो जाएगा। सावन भोले भंडारी का दिन माना जाता है। इस दौरान कांवड़ियों द्वारा शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाता है। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। आरएएफ व पुलिस के जवानों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। सावन को लेकर शिव मंदिर भी सज-धज कर तैयार हो गए हैं। व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। पांडवकालीन शिव मंदिरों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर समिति व प्रशासन चौकस है।

सावन में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना का महत्व है। श्रद्धालु शिवमंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़ते हैं। जलाभिषेक के लिए सरयू व राप्ती नदी से जल लेकर कांवड़िए पांडवकालीन मंदिरों में जलभिषेक करते हैं। शहर के सिद्धनाथ मंदिर, मटेरा के जंगलीनाथ मंदिर, पयागपुर बागेश्वरनाथ, सोमनाथ समेत विभिन्न मंदिरों में सावन भर जलाभिषेक के लिए आस्था का सैलाब उमड़ता है। सिद्धनाथ मंदिर के महामंडलेश्वर रवि गिरि जी महाराज ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान कोई परेशानी न हो इसको लेकर मंदिर प्रशासन सतर्क है। नानपारा : शिवालाघाट व विश्वनाथ समेत अन्य मंदिरों में पूजन-अर्चन के लिए मंदिर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। बाबागंज : नरायनजोत स्थित शिव मंदिर, नवाबगंज के मंगलीनाथ मंदिर में जलाभिषेक होगा। एसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि शिव मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर परिसर में सादे कपड़ों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी भी मुस्तैद किए जाएंगे।


### आरएएफ व पुलिस जवानों ने किया फ्लैगमार्च

नवाबगंज : एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर आरएएफ के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार मिश्रा के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

**Andhra Jyothy (A.P.)**

# పట్టణంలో ఆర్‌పీఎఫ్ పోలీసుల కవాతు

**గుడివాడ(రాజేంద్రనగర్), జూలై 15 :** కుల, మత, వర్గ ప్రాంతీయ విభేదాలు సృష్టించే అసాంఘిక శక్తులను ఉక్కుపాదంతో అణిచివేతకు తాము సిద్ధమంటూ ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్(ఆర్‌ఫిఎఫ్) గుడివాడ పట్టణంలోని సమస్యాత్మక ప్రాంతాల్లో పట్టణ పోలీసులతో కలిసి సోమవారం కవాతు నిర్వహించారు. పట్టణ రూరల్ సీఐలు వి.దుర్గారావు, ఎల్.రమేష్, అబ్దుల్ నబీ మాట్లాడుతూ రాష్ట్రంలో ఎలాంటి అవాంఛనీయ సంఘటనలు జరిగినా ఆర్‌ఫిఎఫ్ అందుబాటులో ఉంటుందని తెలియజేస్తూ ఎస్పీ ఆదేశాల మేరకు ఆర్‌పిఎఫ్ కవాతు ఆయుధాలు ధరించి నిర్వహించామన్నారు. ఎలాంటి దుష్టశక్తుల్ని గ్రూపు తగాదాలు సృష్టించే వారిని సహించేది లేదని ప్రజలు ధైర్యంగా ఉండాలనే ఉద్దేశంతోనే కవాతు నిర్వహించామన్నారు. అల్లర్లు, విద్వేషాలు, విధ్వంసాలు చేసే వారికి హెచ్చరికగా పోలీసు అవసరం అయితే ఆయుధాలతో వారి ఆగడాలను అరికడతామని కవాతు ద్వారా తెలియజేశామన్నారు. ఆర్‌పీఎఫ్ కమాండర్ ముక్తినాథ్ పాండే, సీఎస్ఆర్ ఓమ్ ప్రకాష్, ఎస్ఐలు సిబ్బంది పాల్గొన్నారు. ఎన్టీఆర్ కాలనీ, ముబారక్ సెంటర్, కొత్తపేట, బంటుమిల్లి రోడ్డుల్లో కవాతు నిర్వహించారు.



వీధుల్లో ఆయుధాలు ధరించి కవాలను చేస్తున్న ఆర్‌పిఎఫ్ సిబ్బంది

Flag march with civil police at gudivada 1st town A.P.

**The Prameya (Odisha)**

# ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ୍ ଫୋର୍ସର ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ



ବିରିଡି,୧୬।୭(ଆପ୍ର): ଆଜି ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ୍ ଫୋର୍ସର ୫୦ ଜଣ କର୍ମଚାରୀ ବିରିଡି ଥାନାରେ ପହଞ୍ଚିଥିଲେ । ସେମାନେ ୧୦୬ ବାଟାଲିଅନ ଆରଏଏଫ୍ ଜାମସେଦପୁର ଟାଟାରୁ ଆସିଥଲେ । ବିରିଡି ଥାନା ଅଧିକାରୀ ପାରାଓ ଟୁଡୁଙ୍କ ନେତୃତ୍ୱରେ ହାଜିପୁର, ବିରିଡି, ପଣ୍ଡିଆ, ନୁଆଢଣା, ତଳପାଟକ, ବାରାହପୁରରେ ଫ୍ଲାଗ ମାର୍ଚ୍ଚ କରିଥିଲେ । ଶାନ୍ତି ଶୃଙ୍ଖଳା ବଜାୟ ରଖିବା ତଥା ସମସ୍ତେ ଯେ ସୁରକ୍ଷିତ ଏହି ବିଶ୍ୱାସ ଜନ୍ମାଇବା ଲାଗି ଏହି ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ୍ଚ କରାଯାଇଥିଲା । ଉପ କମାଣ୍ଡାଣ୍ଟ ପର୍ଶୁରାମ କୁଣ୍ଡୁ, ନିରୀକ୍ଷକ ତାପସ ବୋଷ, ନିରୀକ୍ଷକ ଏଲ.ପି ସିଂ, ଏସ୍ଆଇ ଅଜୟ କୁମାର, ଜୀବନ ଲାକ୍ରା ଓ ଅନ୍ୟ ପୋଲିସ ଅଧିକାରୀ ଏହାକୁ ପରିଚାଳନା କରିଥିଲେ ।

Flag march with civil police at Jagatsinghpur, Odisha

**Sambad (Odisha)**

# ବିରିଡ଼ିରେ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସର ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ



ଜଗତସିଂହପୁର,୧୬।୭(ଇମିସ): ବିରିଡ଼ି ଥାନା ଅଧୀନ ବିଭିନ୍ନ ଗାଁରେ ଆଜି ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ପକ୍ଷରୁ ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ କରାଯାଇଛି। ବିଶେଷ କରି ସମ୍ବେଦନଶୀଳ ଅଞ୍ଚଳରେ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ କରାଯାଇଛି। ଏଥିରେ ବରିଡ଼ି ଥାନା ଆଇଆଇଓ ପାରଓ ଟୁଡୁ, ଏସଆଇ ଜେ. ଲାକ୍ରା, ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସର ଡେପୁଟି କମାଣ୍ଡରଙ୍କ ନେତୃତ୍ୱରେ ଦୁଇ ପ୍ଲାଟୁନ ଫୋର୍ସ ବିରିଡ଼ି ଥାନା ଛକରୁ ବାହାରି ଦୋଗଛିଆ, ତଳପାଟକ, ବରାହପୁର, ପଦାସାହି, ଅମ୍ଳ ସାହି, ତାତରା ସାହି ପରିକ୍ରମା କରିବା ପରେ ଅଣଖିଆରେ ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ୍ ଶେଷ ହୋଇଥିଲା। ଏହି ସମସ୍ତ ଅଞ୍ଚରେ ଭିନ୍ନ ଭିନ୍ନ ସମ୍ପ୍ରଦାୟର ଲୋକ ବସବାସ କରୁଥିବାରୁ ଭବିଷ୍ୟତରେ କୌଣସି ସାମ୍ପ୍ରଦାୟିକ ଉତ୍ତେଜନା ପ୍ରକାଶ ପାଇଲେ ତାହାର ମୁକାବିଲା କରାଯିବା ଉଦ୍ଦେଶ୍ୟରେ ଏହି ଫ୍ଲାଗ୍ ମାର୍ଚ୍ କରାଯାଇଥିଲା।

Flag march with civil police at Jagatsinghpur, Odisha

## Photos of Deployment/ Fam-Ex /Cycle Expedition By RAF













**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**